

# G. B. Pant Memorial Govt. College,

# Rampur Bushahr, Shimla HP - 172001.

## A Post Graduate Co-Educational Institution

## Affiliated to Himachal Pradesh University Shimla – 5

Website: https://gbpmgcrampur.edu.in/

E-Mail: gcrampur59@gmail.com

**5.1.2:** ***Following capacity development and skills enhancement activities are organised for improving students' capability***

Report with photographs on Programmes /activities conducted to enhance soft skills, Language and communication skills, and Life skills (Yoga, physical fitness, health and hygiene, self-employment and entrepreneurial skills)

TABLE OF CONTENTS TITLE


| Sr. No. | Title | Pages |
|---|---|---|
| 1. | Celebration of Hindi Diwas 2021 | 1-6 |
| 2. | Poetry recitation, Declamation, Niband Lekhan Competition on Hindi Diwas 2022 | 7-13 |
| 3 | Quiz Competition on Hindi Diwas 2023 | 14-19 |
| 4 | Workshop on Short Story Writing By SOCH Literary Society | 20-21 |
| 5 | Mock Drill on Disaster Management by NSS and NCC | 22-24 |
| 6 | Blood Donation Camp at Rampur College by NCC Unit and SOCH Literery Society | 25-29 |
| 7 | 3 Days/1 day Yoga & Meditation Session by NSS Unit 2019,2022 | 30-31 |
| 8 | 10 Days Yoga & Meditation Session | 32-34 |

| | | |
|---|---|---|
| | Workshop | |
| 9 | Cleanliness Drive By NCC Cadet,R&R,NSS, Local Association | 35-40 |
| 10 | Aids Awareness Program & Lecture organised by Red Ribban Club 2019,2021 | 41-44 |
| 11 | 3 Days Aids Awareness Program Declamation and Poster Making,Essay Cometition | 45-48 |
| 12 | NCC,NSS organised a nRally & Nukkad Natak on Drug Abuse & Prevention | 49-50 |
| 13 | Declamation & Poster Making Competition & Drug Abuse Awareness Session by College de addiction Committee 2023 | 51 |
| 14 | Gender Equality and Sensitization Drive & POCSO ACT Awareness Program By Women Grievances And Redressal Cell 2023 | 52-53 |
| 15 | Self Employment Awareness Drive 2018 & A Lecture organised on Career Guidance 2022 by GDC Rampur Bsr | 54-57 |
| 16 | EEE-Program Entrepreneurial Skills 2022-23,24 | 58-60 |
| 17 | 7 Day Workshop on Soft Skill 2023 | 61-63 |


1. Celebration of Hindi Diwas 2021

"हिंदी दिवस"

प्रतिवेदन 14 सितम्बर 2021

हिंदी विभाग द्वारा गोविंद बल्लभ पंत राजकीय महाविद्यालय रामपुर बुशैहर में हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य पर महाविद्यालय सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्राचार्य प्रो० प्रेमी चित्र राम नेगी जी और विशिष्ट अतिथि डॉ० राजन नेगी जी का हिंदी विभाग द्वारा स्वागत किया। तत्पश्चात् मुख्य अतिथि के द्वारा दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। उसके बाद छात्राओं द्वारा सरस्वती वन्दना की। मंच का संचालन छात्र वर्ग से शेनीराम व छात्रा वर्ग से कृतिका ने की। तत्पश्चात हिन्दी विभागाध्यक्षा प्रो० नोरबू जड़ेमो का स्वागत भाषण हुआ और उन्होंने कहा कि 14 सितम्बर को हर वर्ष 'हिन्दी दिवस' के रूप में मनाया जाता है। हिन्दी के महत्त्व को प्रतिपादित करने के लिए व इसे बढ़ावा देने के लिए वर्ष 1953 से इस की शुरुआत की गई। तत्पश्चात् हिन्दी विभाग के प्रो० डॉ० मदन लाल जी ने हिन्दी के महत्त्व एवं स्वरूप पर व्याख्यान दिया। तत्पश्चात् कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ० राजन नेगी जी ने हिन्दी के विभिन्न आयामों को छूते हुए हिंदी भाषा के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया।

अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक मण्डल के अध्य प्रो० मोहन सिंह और डॉ० गौरव सूद जी थे। उ के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरू हुआ। तत्पश्चात मुख्य अतिथि प्राचार्य श्री पी० सी० आर० नेगी जी ने का संबोधन व्याख्यान शुरू हुआ। उन्होंने कहा कि ज्ञानवर्धन के लिए हम चाहे जितनी भी भाषा सीख ले, परन्तु अपनी राष्ट्रभाषा, अपनी मातृभाषा का सम्मान करना और उसे प्रयोग करना न भूलें। उन्होंने शिक्षा के आधारभूत गुणों के विभिन्न पहलुओं को रेखांकित किया। इस में एस० ओ० पी० का ध्यान रखते हुए महाविद्यालय के सभी सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में अव्वल आने वाले प्रतिभागियों को मुख्यअतिथि जी ने पुरस्कृत किया।

अन्त में धन्यवाद व्याख्यान हिन्दी के प्रो० श्री नवनीत [illegible] जी ने की।

इसके बाद सभागार में उपस्थित सभी लोगों ने खड़े होकर राष्ट्रगान गाया।

संयोजक (हिन्दी विभाग) — निर्णायक मण्डल

1. गौरव जडेजा — प्रो० मोहन सिंह
2. डॉ० मदन ठाकुर — डॉ० गौरव सूद
3. नवनीत

हिन्दी विभाग
गोविंद वल्लभ पंत
महाविद्यालय रामपुर
बुशैहर
जिला शिमला।


प्राचार्य
Principal
G.B. Pant Memorial
Govt. College Rampur Bsr.
Distt. Shimla (H.P.)-172001



मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि


नारा लेखन प्रतियोगिता

हिंदी दिवस




14 सितम्बर 2021

Amar Ujala 14/9/2021

# मातृभाषा हिंदी का सम्मान करना न भूलें : नेगी

## रामपुर पीजी कॉलेज में हिंदी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी

रामपुर बुशहर। हिंदी दिवस पर पीजी कॉलेज रामपुर के सभागार में मंगलवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कॉलेज कार्यकारी प्राचार्य डॉ. पीसीआर नेगी ने कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. राजन नेगी मौजूद रहे। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं ने प्रतिभा का जौहर दिखाया।

मुख्यातिथि डॉ. पीसीआर नेगी ने अपने संबोधन में कहा कि ज्ञानार्जन के लिए हम चाहे जितनी भी भाषाएं सीख लें, परंतु अपनी राष्ट्रभाषा और मातृभाषा का सम्मान करना और उसे प्रयोग करना न भूलें। डॉ. राजन नेगी ने वैदिक संस्कृति से शुरू हुआ भाषा का सफर वर्तमान के हिंदी स्वरूप तक पर प्रकाश डाला।

### निबंध लेखन में स्नेहलता और नारा लेखन में प्रिया अव्वल

हिंदी विभाग के प्राध्यापक डॉ. नीरज नेगी, डॉ. मदन मोहन और डॉ. नवनीत ने भी हिंदी भाषा के महत्व पर अपने-अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है। हिंदी के महत्व को प्रतिपादित करने को और इसे बढ़ावा देने के लिए वर्ष 1953 में इसकी शुरुआत की गई। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। इसमें अव्वल आने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

एसओपी का ध्यान रखते हुए महाविद्यालय के सभी सदस्यों ने इसमें भाग लिया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में स्नेहलता प्रथम, जसीना द्वितीय और साक्षी कश्यप तृतीय स्थान पर रहीं। नारा लेखन प्रतियोगिता में प्रिया ने पहला, समीक्षा ने दूसरा और नेहा ने तीसरा, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में संगीता और शीतल प्रथम, जितेंद्र और सुप्रिया द्वितीय, पंकज नेगी और गोविंद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में मोनिका प्रथम, साक्षी राणा द्वितीय और मोनिका तृतीय स्थान पर रहीं। निर्णायक मंडल में मोहर सिंह और गीता सूद शामिल रहे।

# नेरवा स्कूल में एनएसएस ने मनाया हिंदी दिवस

नेरवा (रोहड़ू)। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल नेरवा के प्रधानाचार्य केवल राम चौहान की अध्यक्षता राष्ट्रीय सेवा योजना और ईको क्लब ने वर्चुअल बैठक के माध्यम से हिंदी दिवस मनाया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी ममता टेगटा, राजेंद्र परमार्थ और ईको क्लब प्रभारी शिल्पा चौहान के मार्गदर्शन में विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाई गईं। इसमें नारा लेखन, कविता लेखन, चित्रकला, भाषण और निबंध लेखन आदि गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसमें छात्रों ने हिंदी भाषा का सुंदर गुणगान किया। इसके साथ हिंदी के पुरातन और वैश्विक महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। तन्वी, ज्योति, कामना, हिमांशी और पूजा की कृतियां सबसे बेहतर आंकी गईं।

स्कूल प्रधानाचार्य ने वर्चुअल बैठक में छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदी भाषा हमारे राष्ट्र की गरिमा का आधार है। ममता टेगटा ने कहा कि हिंदी को विश्व की सबसे समृद्ध भाषा के रूप में जाना जा[illegible]

दिनांक :- 11/09/2021

सेवा में
Allowed

प्राचार्य महोदय
गोविन्द वल्लभ पन्त
राजकीय महाविद्यालय
रामपुर बुशैहर।

विषय :- हिन्दी दिवस मनाने हेतु।

महोदय

विनम्र निवेदन है कि आगामी 14 सितम्बर को महाविद्यालय में 'हिन्दी दिवस' समारोह का आयोजन हिन्दी विभाग द्वारा किया जाना है। आपसे विनम्र निवेदन है कि कृपा आप इस आयोजन को मनाने के लिए हमें सहमति देने की कृपा करें।

धन्यवाद
हिन्दी विभाग
राजकीय महाविद्यालय
रामपुर बुशैहर।

1 नोरबू जङमो
2 डॉ० मदन ठाकुर
3 नवनीत भाऊटा

2. Poetry recitation,Declamation,Niband Lekhen Competition on Hindi Diwas 2022

हिंदी दिवस

प्रतिवेदन 14 सितंबर 2022

हिंदी विभाग द्वारा गोविंद बल्लभ पंत राजकीय महाविद्यालय रामपुर बुशैहर में हिंदी दिवस के उपलक्ष पर महाविद्यालय सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर प्रेमी चिंत राम नेगी जी और बीज वक्ता प्रोफ़ेसर गीता शर्मा का हिंदी विभाग के द्वारा स्वागत किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। उसके बाद हिंदी विभाग की छात्राओं ने सरस्वती वंदना की। मंच का संचालन छात्र वर्ग से नरेश कुमार व छात्रा वर्ग से शिल्पा ने की। तत्पश्चात हिंदी विभागाध्यक्षा प्रोफेसर नोरबू जड़मो का स्वागत भाषण हुआ और उन्होंने कहा कि 14 सितंबर को हर वर्ष हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है। हिंदी के महत्व को प्रतिपादित करने के लिए वह इसे बढ़ावा देने के लिए वर्ष 1953 से इसकी शुरुआत की गई ।तत्पश्चात इस कार्यक्रम की बीजवक्ता प्रोफ़ेसर गीता शर्मा ने हिंदी भाषा और साहित्य के आदिकाल से लेकर वर्तमान समय तक की यात्रा पर प्रकाश डाला। स्वतंत्रता संग्राम में हिंदी साहित्यकारों के योगदान व जनचेतना जगाने के लिए उनका पत्रकारिता से जुड़ाव बताया और कहा कि तत्कालीन लगभग सभी साहित्यकार पत्रकारिता से जुड़े। उन्होंने युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति व आदर्शों को अपनाने का संदेश दिया। तथा यह भी कहा कि सभी को अपने भाषा संस्कृति का सम्मान करना चाहिए। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल में अध्यक्ष प्रोफेसर प्रोमिला ठाकुर,प्रोफेसर कपूरचंद,डॉ विपिन शर्मा जी थे। उसके पश्चात इस उपलक्ष पर हिंदी विभाग की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदी भाषा वैज्ञानिक भाषा है।हमें अपने कामकाज में इसे प्रयोग में लाना चाहिए तथा अधिक से अधिक भाषाएं सीखने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया।इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी सदस्यों ने भाग लिया ।इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में अव्वल आने वाले प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि जी द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने खड़े होकर राष्ट्रगान गाया।

संयोजक (हिंदी विभाग):-

1) प्रो० नोरबू जाड़मो

2) प्रो० नवनीत भाऊटा

3) प्रो० अंजली नेगी

हिंदी दिवस सत्र (2022-23)

प्रतियोगिताओं के परिणाम

1) भाषण प्रतियोगिता विजेता-

1) प्रथम स्थान-अंकिता-2237003 प्रथम वर्ष

2 )द्वितीय स्थान- हिमालयन2137072 द्वितीय वर्ष

3)तृतीय स्थान -संजना सुमन2127102 द्वितीय वर्ष

2) कविता पाठ प्रतियोगिता विजेता:-

1) प्रथम स्थान-श्रुति भारद्वाज 2127059 द्वितीय वर्ष

2) द्वितीय स्थान-विक्रम 2226057 प्रथम वर्ष

3) तृतीय स्थान-साक्षी 2127040 द्वितीय वर्ष

3) प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता विजेता:-

1) प्रथम स्थान-हर्ष,अंजना (Group-c)द्वितीय वर्ष

2) द्वितीय स्थान-मोनिका,अर्चना (Group-b)

3) तृतीय स्थान अनु, अंजली (Group-D)तृतीय वर्ष

4) पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता विजेता:-

1) प्रथम स्थान-प्रताप सिंह 2226010 प्रथम वर्ष

2) द्वितीय स्थान-डिंपल 2237091 प्रथम वर्ष

3) तृतीय स्थान-विकेश 2006513017 तृतीय वर्ष



**5) निबंध लेखन प्रतियोगिता विजेता:-**

1) प्रथम स्थान- बिन्ती-2006506055 तृतीय वर्ष

2) द्वितीय स्थान-सुरेखा 2127084 द्वितीय वर्ष

3) तृतीय स्थान-श्रुति शर्मा 2127059 द्वितीय वर्ष



पीजी कॉलेज रामपुर में आयोजित हिंदी दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राएं और शिक्षक। -संवाद

# भाषण स्पर्धा में अंकिता, कविता पाठ में श्रुति प्रथम

संवाद न्यूज एजेंसी

रामपुर बुशहर। रामपुर कॉलेज में हिंदी विभाग ने दो दिवसीय हिंदी दिवस का आयोजन किया। कार्यक्रम में कई शैक्षणिक प्रतियोगिताएं और सांस्कृतिक गतिविधियां करवाई गईं।

भाषण प्रतियोगिता में अंकिता ने पहला स्थान हासिल किया जबकि हिमालयन दूसरे और संजना सुमन ने तीसरा स्थान पाया। कविता पाठ प्रतियोगिता में श्रुति भारद्वाज ने पहला, विक्रम ने दूसरा और साक्षी ने तीसरा स्थान हासिल किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में हर्ष, अंजना पहले, मोनिका, अर्चना दूसरे और अनु, अंजली तीसरे स्थान पर रही। पोस्टर मेकिंग में प्रताप सिंह प्रथम



रामपुर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद प्राचार्य और अन्य। संवाद

रहे जबकि डिंपल दूसरे और विकेश तीसरे स्थान पर रहे। निबंध लेखन प्रतियोगिता में बिंटी ने पहला, सुरेखा ने दूसरा और श्रुति शर्मा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पीसीआर नेगी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। प्रो. गीता शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहीं। हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. नोरुबू ने मुख्यातिथि का स्वागत किया।

प्राचार्य पीसीआर नेगी ने हिंदी दिवस पर सभी को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि हिंदी भाषा एक वैज्ञानिक भाषा है। हमें अपने बोलचाल में कामकाज में इसे अधिकाधिक अपनाना होगा। इस मौके पर प्रो. नवनीत भाठटा सहित कई अन्य मौजूद रहे।

वहीं सर्वपल्ली राधाकृष्णन बीएड/एमएड संस्थान नोगली के प्रशिक्षु छात्र-छात्रों ने हिंदी दिवस धूमधाम से मनाया। निबंध लेखन में प्रथम स्थान रोजी, द्वितीय स्थान मोनिका, तृतीय स्थान अर्पणा और पुष्पेंद्र ने प्राप्त किया।

भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मीनाक्षी, द्वितीय स्थान अमीषा, तृतीय स्थान जगदीश ने प्राप्त किया। कविता प्रतियोगिता में दीपिका प्रथम, अमन द्वितीय और अभिषेक और दिनेश तृतीय स्थान हासिल किया।

]3 Quiz Compition on Diwas Hindi 2023

# सूचना

गोविंद बल्लभ पंत मेमोरियल राजकीय महाविद्यालय रामपुर बुशैहर के हिंदी विभाग द्वारा महाविद्यालय में हिंदी दिवस का आयोजन 13 सितंबर एवं 14 सितंबर 2023 को आयोजित किया जा रहा है।इस उपलक्ष पर विभाग द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाई जा रही है। जो भी विद्यार्थी इन प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहता है वह अपना नामांकन हिंदी विभाग में दर्ज करवाएं।

प्रतियोगिताएं निम्नलिखित हैं:--

निबंध लेखन, (भारत को एकता सूत्र में पिरोती हिंदी)

कविता वाचन,

भाषण प्रतियोगिता, (आधुनिक युग की चुनौतियाँ और हिंदी भाषा :- समय सीमा- 3-5 मिनट)

पोस्टर मेकिंग,

प्रश्नोत्तरी इत्यादि

प्राचार्य

विभागाध्यक्षा

प्रो० नोरबू जङ्मो

प्रो० अंजली नेगी

प्रो० विक्की प्रभात



‘



हिंदी दिवस

प्रतिवेदन 14 सितंबर 2023

हिंदी विभाग द्वारा गोविंद बल्लभ पंत राजकीय महाविद्यालय रामपुर बुशैहर में हिंदी दिवस के उपलक्ष पर महाविद्यालय सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. पंकज बासोतिया जी और बीज वक्ता श्री ललित मोहन भारती जी का हिंदी विभाग के द्वारा स्वागत किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि के द्वारा दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। उसके बाद हिंदी विभाग की छात्राओं ने सरस्वती वंदना की। मंच का संचालन छात्र वर्ग से नरेश कुमार व छात्रा वर्ग से कृतिका ने किया। तत्पश्चात हिंदी विभागाध्यक्षा प्रोफेसर नोरबू जङमो का स्वागत भाषण हुआ और उन्होंने कहा कि 14 सितंबर को हर वर्ष हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है। हिंदी के महत्व को प्रतिपादित करने के लिए वह इसे बढ़ावा देने के लिए वर्ष 1953 से इसकी शुरुआत की गई ।इस अवसर पर बतौर बीज वक्ता श्री ललित मोहन भारती ने शिरकत की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि कई भाषाओं का ज्ञान होना अच्छी बात है क्योंकि भाषा लोगों को समाज और संस्कृति से जोड़ने का कार्य करती हैं।किंतु हिंदी भाषा को तिरस्कृत कर ज्ञानी बनने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने युवा वर्ग को आवाहन किया कि हिंदी भाषा को अधिक से अधिक प्रयोग करें। उन्होंने स्व- रचित गज़ल व पेड़ और मनुष्य पर अपनी कविता भी सुनाई।

उन्होंने कहा भाषा वही जीवित रहती है जिसका प्रयोग जनता करती है और भाषा का विकास उसके साहित्य पर निर्भर करता है। भारत के लोगों के बीच संवाद का सबसे बेहतर माध्यम हिंदी है। विश्व भर में रहने वाले करोड़ों भारतीय एक संपर्क भाषा के रूप में हिंदी का प्रयोग कर रहे हैं, इससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिंदी को एक नई पहचान मिली है। यूनेस्को की सात भाषाओं में हिंदी को भी मान्यता मिली है। आज पूरे विश्व में लगभग 175 से अधिक देशों के विश्वविद्यालयों में हिंदी पढ़ाई जा रही है। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल के अध्यक्ष प्रोफेसर प्रोमिला ठाकुर, प्रोफ़ेसर राजेश नेगी,डॉ अजेंद्र नेगी जी थे। उसके पश्चात इस उपलक्ष पर हिंदी विभाग की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि प्राचार्य पंकज बासोतिया ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रभाषा किसी भी देश की पहचान व गौरव होती है। अपनी माटी और संस्कृति से जुड़े रहने का कारण होती है। आधुनिक शिक्षा पद्धति के जनक लॉर्ड मैकाले का उद्देश्य भारत के उच्च तथा मध्यम वर्ग के छोटे से हिस्से को शिक्षित करना था, जिससे एक ऐसा वर्ग तैयार हो सके जो रंग और खून से तो भारतीय हो लेकिन विचारों और नैतिकता से ब्रिटिश हो और काफी हद तक वे ऐसा करने में सफल भी हुए। उन्होंने पाश्चात्य सभ्यता को देश पर थोपने का प्रयास किया और भारतीय संस्कृति को तिरस्कृत दृष्टि से देखा। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा की हिंदी भाषा के साथ-साथ अपनी मातृभाषा का भी सम्मान करें।इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी सदस्यों ने भाग लिया ।इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में अव्वल आने वाले प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि जी द्वारा पुरस्कृत किया गया। अंत में हिंदी के प्रो. विक्की प्रभात जी ने धन्यवाद भाषण दिया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने खड़े होकर राष्ट्रगान गाया।

संयोजक ( हिंदी विभाग)
प्रो. नोरबू ज़ड़मो
प्रो. अंजली नेगी
प्रो. विक्की प्रभात

अमर उजाला



# पिंक प्लाजो गीत पर खूब थिरके विद्यार्थी

## रामपुर कॉलेज में धूमधाम से मनाया हिंदी दिवस

संवाद न्यूज एजेंसी

रामपुर बुशहर। पीजी कॉलेज रामपुर में वीरवार को हिंदी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं में निबंध लेखन, भाषण प्रतियोगिता, कविता वाचन, पोस्टर मेकिंग और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं में छात्रों ने भाग लिया। निबंध लेखन में प्रिया प्रथम और श्रुति शर्मा दूसरे स्थान पर रहीं।

भाषण प्रतियोगिता में नमिता प्रथम, कशिश नेगी दूसरे और निर्मला ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कविता वाचन में कुलदीप प्रथम, साक्षी जिस्टू दूसरे और प्रिया तीसरे स्थान रहीं। पोस्टर मेकिंग में डिंपल ने प्रथम, सोनिका ने दूसरा और सोनिया ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में नरेश और सौरभ ने प्रथम, मनसा और अमन ने दूसरा, जितेंद्र और आयुष ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने किन्नौरी, राजस्थानी, बुशहरी नाटी, पहाड़ी और बॉलीवुड गानों पर प्रस्तुति दीं।

छात्रों ने योग के माध्यम से स्वस्थ रहने का संदेश दिया। पंकज ठाकुर ने हिंदी दिवस पर कविता सुनाई। कार्यक्रम में वक्ता ललित मोहन भारती बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। नरेश और निधि ने मंच संचालन करते हुए हिंदी भाषा की जानकारी दी।

---

## रामपुर कालेज में हिंदी दिवस के अवसर पर कार्यक्र



रामपुर
राजकी
महाविद्
रामपुर
गुरुदार
महाविद
सभागा
दिवस
पर एक
आयोजि
गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डा. पंकज बसोतिया
मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की तथा बतौर बीज वक्ता ललित मो
ने शिरकत की। इस मौके पर मुख्यातिथि बसोतिया ने कहा कि राष
किसी भी देश की पहचान व गौरव होती है, जो अपनी माटी और स
जुड़े रहने का कारण होती है। आधुनिक शिक्षा पद्धति के जनक लॉ
का उद्देश्य भारत के उच्च तथा मध्यम वर्ग के छोटे से हिस्से को शि
था, जिससे एक ऐसा वर्ग तैयार हो सके, जो रंग और खून से तो भ
लेकिन विचारों और नैतिकता से ब्रिटिश हो और काफी हद तक वे
में सफल भी हुए। उन्होंने पाश्चात्य सभ्यता को देश पर थोपने का प्र
और भारतीय संस्कृति को तिरस्कृत दृष्टि से देखा। उन्होंने विद्यार्थि
की हिंदी भाषा के साथ-साथ अपनी मातृभाषा अपनी प्रथम भाषा क
सम्मान करें।

Divya Himachal

---

**अमर उजाला** | **रोहड़ू-रामपुर**



रामपुर कॉलेज में हिंदी दिवस के अवसर पर योग के करतब दिखातीं छात्राएं। संवाद

हिंदी दिवस सत्र (2023-24) प्रतियोगिताओं के परिणाम:-

(1) भाषण प्रतियोगिता:-

(क) प्रथम स्थान- नमिता,बी०ए प्रथम वर्ष

(ख) द्वितीय स्थान- कशिश नेगी, बीए द्वितीय वर्ष

(ग) तृतीय स्थान- निर्मला,बीए प्रथम वर्ष

(2) कविता वाचन प्रतियोगिता: -

(क) प्रथम स्थान- कुलदीप एम० ए प्रथम सत्र

(ख) द्वितीय स्थान- साक्षी जिस्टू बी०ए तृतीय वर्ष

(ग) तृतीय स्थान- प्रिया बी०ए द्वितीय वर्ष

(3) निबंध लेखन प्रतियोगिता:-

(क) प्रथम स्थान- प्रिया बी०ए द्वितीय वर्ष

(ख) द्वितीय स्थान- श्रुति शर्मा बी०ए तृतीय वर्ष

(ग) तृतीय स्थान- मुस्कान बी०ए प्रथम वर्ष

(4) पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता:-

(क) प्रथम स्थान- डिंपल,बी०ए द्वितीय वर्ष

(ख) द्वितीय स्थान- सोनिका, एम०ए तृतीय सत्र

(ग) तृतीय स्थान- सोनिया,बी०ए तृतीय वर्ष

(5) प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता:-

(क) प्रथम स्थान- नरेश कुमार और सौरभ

(ख) द्वितीय स्थान- मनसा, विक्रम

(ग) तृतीय स्थान- जितेंद्र और आयुष

पंकज बालोदेवी (?)
प्राचार्य
Principal
G.B. Pant Memorial
Govt. Degree College
Rampur Bushahr (H.P.)

हिन्दी विभाग
गोविंद बल्लभ पंत
महाविद्यालय रामपुर
बुशैहर (जिला शिमला)

सेवा में

प्राचार्य महोदय

गोविंद बल्लभ पंत राजकीय महाविद्यालय रामपुर बुशैहर जिला शिमला

दिनांक 15 सितंबर 2023

विषय:- हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में रिपोर्ट जमा करने हेतु।

महोदय जी

विनम्र निवेदन है कि मैं हिंदी विभाग की ओर से हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में रिपोर्ट आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) की आवश्यकता के अनुसार संस्था को जमा कर रही हूं। हिंदी दिवस का कार्यक्रम 2 दिन का 13,14 सितंबर को 11:00 बजे सभागार में मनाया गया। हिंदी दिवस से संबंधित सभी आवश्यक रिपोर्ट जमा कर रही हूं इससे संबंधित प्रतिलिपियां भी संलग्न कर रही हैं।

सधन्यवाद

विभागाध्यक्षा

नोरबू जाङ्मो

हिंदी विभाग राजकीय महाविद्यालय

रामपुर बुशैहर

जिला शिमला

## रिपोर्ट के साथ संलग्न की गई प्रतिलिपियां इस प्रकार है: -

1) सूचना पत्र
2) प्राचार्य से अनुमति पत्र
3) आमंत्रण पत्र
4) वरिष्ठ एवं कनिष्ठ आचार्य व गैर शैक्षणिक वर्ग की सूची
5) अव्वल प्रतिभागियों की सूची
6) अमर उजाला की प्रतिलिपि
7) प्रतिभागियों की फोटो
8) कार्यक्रम सूची

## 3. Workshop on Short Story Writing By SOCH Literery Society

Dainik Jagran 13/12/22

Amar Ujala 14/1

A - 8/12/22




पीजी कॉलेज रामपुर में अंग्रेजी विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुतियां देते कलाकार। -संवाद

# निबंध लेखन में बिंती प्रथम

### रामपुर कॉलेज में शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक कार्यशाला आयोजित

संवाद न्यूज एजेंसी

रामपुर बुशहर। पीजी कॉलेज रामपुर में आयोजित कार्यशाला में विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें निबंध लेखन में बिंती ने पहला स्थान प्राप्त किया जबकि प्रियल ठाकुर ने दूसरा स्थान पर रहे।

लघु कहानी लेखन में प्रथम स्थान चमन और दूसरे स्थान आर्गन रहे। नारा लेखन में प्रथम स्थान कुसुम, द्वितीय स्थान सुनिधि चौहान, पोस्टर मेकिंग में अलिशा प्रथम, प्रिया नेगी द्वितीय स्थान पर रहीं, रंगोली में मोनिका शर्मा प्रथम, याचिका ठाकुर ने दूसरा स्थान हासिल किया। भाषण प्रतियोगिता में हिमालयन स्कूल प्रथम, आर्वी ठाकुर द्वितीय स्थान पर रहीं। कविता वाचन में साक्षी प्रथम, स्मृति ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। कार्यशाला का आयोजन सोच साहित्यिक समिति अंग्रेजी विभाग और महिला शिकायत एवं निवारण प्रकोष्ठ ने किया।

कार्यक्रम का निर्देशन अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष, डॉ. राजेश नेगी, डॉ. प्रियंका ठाकुर, प्रो. प्रियंका, डॉ. गौरव सूद और महिला शिकायत एवं निवारण प्रकोष्ठ की समन्वयक डॉ. गीता शर्मा ने किया। इसमें महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पीसीआर नेगी बतौर मुख्यातिथि और डॉ. राजन नेगी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। प्राचार्य पीसीआर नेगी ने अपने संबोधन में महिलाओं को पुरुषों से अधिक शक्तिशाली बताया। उन्होंने सृष्टि के विकास में महिलाओं की विशेष भूमिका पर प्रकाश डाला। डॉ. राजन नेगी ने लैंगिक समानता पर विचार रखे।

उन्होंने कहा कि बच्चों को घरों से ही लैंगिक समानता सिखाई जा सकती है। यही बच्चे कल का भविष्य है और एक स्वस्थ मानसिकता वाले लोग ही एक अच्छे समाज का निर्माण कर सकते हैं। डॉ. गीता शर्मा ने महिलाओं के कानूनी और संवैधानिक अधिकारों के बारे में जानकारी दी।

Amar Ujala 8/12/22

# रचनात्मक लेखन के सिखाए गुर

### रामपुर कॉलेज में रचनात्मक लेखन पर कार्यशाला का आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी

रामपुर बुशहर। बुधवार को रामपुर कॉलेज में छात्र-छात्राओं को कविताएं, लघु कथाएं और फीचर लेखन में दक्षता बढ़ाने के गुर सिखाए गए।

राजकीय महाविद्यालय रामपुर में सोच साहित्यिक समिति अंग्रेजी विभाग ने रचनात्मक लेखन कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें कला, विज्ञान और वाणिज्य संकाय के 15 विद्यार्थियों ने भाग लिया। यह कार्यशाला अंग्रेजी विभाग की प्रो. डॉ. प्रियंका ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। उन्होंने विद्यार्थियों को कविताएं, लघु कथाएं और फीचर लेखन संबंधित बारीकियों से अवगत करवाया।

इस मौके पर समिति समन्वयक अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश नेगी, डॉ. प्रियंका और डॉ. गौरव सूद मौजूद रहे।





पीजी कॉलेज रामपुर में रचनात्मक लेखन कार्यशाला में मौजूद छात्र-छात्राएं। -संवाद


DEPARTMENT OF ENGLISH
G.B. PANT MEMORIAL GOVT. COLLEGE, RAMPUR BSR.
WELCOMES YOU ALL



4. Mock Drill on Disaster Management by NSS and NCC



DATE :

NDRF

(National Disaster Response Force)

दिनांक :- 28-09-2022

महाविद्यालय में सितम्बर माह के अन्त में NDRF की टीम द्वारा कार्यक्रम करवाया गया जिसमें NDRF की टीम ने महाविद्यालय के छात्रों तथा NCC कैडेट्स को आपदा प्रबन्धन से सम्बन्धित तथा लोगों की सुरक्षा करने से सम्बन्धित में जानकारी दी। इस अवसर पर NCC कैडेट ने आपदा प्रबन्धन से संबंधित बातों की जानकारी प्राप्त की। NCC के प्रभारी CTO शेर सिंह नेगी भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। NDRF के प्रभारी इंस्पेक्टर [illegible] कुमार ने भी कैडेट को जानकारी दी। इस मुख्य अवसर पर कॉलेज के प्रधानाचार्य भी उपस्थित रहे। मॉक ड्रिल के प्रशिक्षण के उपरान्त महाविद्यालय के छात्र एवं छात्राओं ने अपने प्रशिक्षण के अनुभव को सामूहिक रूप से साझा किया।

हस्ताक्षर

CTO-NCC

Principal
G.B. Pant Memorial
Govt. Post Graduate College
Rampur Bsr. (H.P.)-172001


GOVIND BALLABH PANT MEMORIAL
GOVERNMENT COLLEGE RAMPUR BUSHAHR
NDRF


NATIONAL SERVICE SCHEME






# छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों को सिखाए आपदा से निपटने के गुर

## रामपुर कॉलेज में की मॉकड्रिल, बाढ़, भूस्खलन और भूकंप सहित अन्य आपदाओं के बारे में किया प्रशिक्षित

संवाद न्यूज एजेंसी

रामपुर बुशहर। प्राकृतिक आपदाओं के दृष्टिगत हिमाचल प्रदेश काफी संवेदनशील है। ऐसे में आपदाओं से निपटने के लिए सभी लोगों का प्रशिक्षित होना आवश्यक है। इसी को लेकर पीजी कॉलेज रामपुर के सभागार में सुरक्षा एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

एनडीआरएफ के क्षेत्रीय प्रतिक्रिया केंद्र रामपुर की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में छात्र, शिक्षक और कर्मचारियों को आपदा से निपटने के गुर सिखाए। इस दौरान छात्रों को बाढ़, आगजनी, भूस्खलन और भूकंप आने की स्थिति में किए जाने वाले बचाव कार्यों के बारे में प्रशिक्षण दिया गया।

पीजी कॉलेज में शुक्रवार को एनडीआरएफ के आरआरसी रामपुर की ओर से सुरक्षा एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सहायक सेनानी एनडीआरएफ सराहन अनिल कुमार और प्राचार्य पीसीआर नेगी ने किया।

सहायक कमांडेंट अनिल कुमार और इंस्पेक्टर हैनी कुमार ने मौजूद विद्यार्थियों, शिक्षक और कर्मचारियों को आपदा एवं आपदा प्रबंधन के संगठन और उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी। सहायक कमांडेंट अनिल कुमार, इंस्पेक्टर हैनी कुमार, सब इंस्पेक्टर नितिन कुमार, लक्ष्मण सिंह और बचाव दल के सदस्यों ने मौजूद लोगों को प्राकृतिक आपदा जैसे बाढ़, भूस्खलन, आगजनी और भूकंप आदि के समय प्रभावित क्षेत्रों में जानमाल से कैसे बचाव किया जाए और प्राथमिक उपचार एवं बचाव आदि के बारे में जानकारी दी। मॉकड्रिल का आयोजन कर रक्तस्राव नियंत्रण स्थिर अस्थि भंग, हड्डी का विस्थापन, एफबीएओ, मरीज को उठाना और ले जाना, इम्प्रोवाइज्ड स्ट्रेचर, रोप रेस्क्यू तकनीक, इम्प्रोवाइज्ड फ्लोटिंग डिवाइस, फायर फाइटिंग एक्सटिंग्विशर और भवन से निकासी को लेकर मॉकड्रिल की गई और सुरक्षा कार्यों को किस प्रकार किया जाना है के बारे में विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। इंस्पेक्टर हैनी कुमार ने कहा कि इस प्रशिक्षण के बाद आप सभी प्रथम प्रतिक्रिया करने वाले होने चाहिए। यह आप सभी का दायित्व एवं कर्तव्य भी है। इस दौरान एनडीआरएफ ने विभिन्न बचाव कार्यों में इस्तेमाल होने वाले उपकरणों की प्रदर्शनी भी लगाई और हर उपकरण के बारे में छात्रों को विस्तार से जानकारी दी।

अंत में प्रधानाचार्य पीसीआर नेगी ने आपदा प्रबंधन दल के सभी सदस्यों का प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रमों से जानमाल का बचाव तो होता ही है, साथ ही युवाओं में समाज के प्रति जिम्मेदारी भी बढ़ती है। इस मौके पर प्रो. कुशाल शर्मा, एनसीसी अधिकारी शेर सिंह नेगी, अनिता, विपिन, डॉ. टीडी वर्मा, डॉ. प्रियंकर, गोपी चंद सहित अन्य मौजूद रहे।

3/12/22 Amar Ujala

पीजी कॉलेज रामपुर में जागरूक करते एनडीआरएफ के प्रतिनिधि। -संवाद

Amar Ujala 13/12/22

5. Blood Donation Camp at Rampur College by NCC Unit and SOCH Literery Society

# रक्तदान कैंप में रामपुर कालेज के 27 छात्रों ने दिया खून




रामपुर बुशहर। राजकीय महाविद्यालय रामपुर बुशहर में अंग्रेजी विभाग की सोच साहित्यिक सोसायटी द्वारा महाविद्यालय प्रांगण में गुरुवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका आरंभ प्राचार्य डा. पंकज बसोतिया के नेतृत्व में विभाग अध्यक्ष राजेश नेगी, सदस्यों रविंद्र नेगी, प्रियंका तथा अन्य प्राध्यापकों प्रोफ जीवन मसोही, डा. टीडी वर्मा, अनिल वर्मा व सोसायटी के स्वयं सेवकों रोहित, अवंतिका, करीना, पूजा आदि की उपस्थिति में महात्मा गांधी मेडिकल सर्विसइस काम्प्लेक्स से आए अधिकारियों वकर्मचारियों डा. गगन शर्मा, दिनेश कुमार, सुशीला, दलीप कुमार, देवेंद्र सिंह आदि के सहयोग से सफलता पूर्वक पूर्ण किया गया। महाविद्यालय के बहुत से छात्र-छात्राओं ने इस शिविर में रुचि दिखाई और स्वेच्छा से रक्तदान करने के लिए आगे आए। शिविर के दौरान कुल 27 छात्र-छात्राओं ने चित्तिसिक परीक्षण के उपरांत रक्तदान किया। इस मौके पर सभी रक्तदाताओं को सम्मान पत्रों से नवाजा गया। अंग्रेजी विभाग के अध्यक्ष, सदस्यों व स्वयं सेवकों ने सभी चित्तिसा अधिकारियों और कर्मचारियों को अंत में धन्यवाद देते हुए यह आश्वासन दिया कि सोच सोसायटी भविष्य में भी इस तरह की गतिविधियां करवाती रहेगी।

Divya.

Divya Himachal 20/10/23

# रामपुर कॉलेज में 35 छात्रों ने रक्तदान कर कमाया पुण्य

रामपुर बुशहर। राजकीय महाविद्यालय रामपुर में सोमवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 35 विद्यार्थियों ने रक्तदान कर पुण्य कमाया। युवाओं ने अन्य लोगों से भी रक्तदान करने की अपील की।

शिविर का आयोजन सेवा परिवार सोसाइटी एवं डीजे नेशन संस्था के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीएम रामपुर सुरेंद्र मोहन ने की। शिविर को संबोधित करते हुए एसडीएम रामपुर सुरेंद्र मोहन ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। इससे कोई भी व्यक्ति अस्पताल में भर्ती कई मरीजों को नया जीवन प्रदान कर सकता है। शिविर में डीजे नेशन संस्था के मुख्य सलाहकार साहिल सागर, अध्यक्ष अमित, सचिव प्रियांशु कश्यप, अनन्या, साहिल, अभिषेक, पल्लवी, अंश, कामेश, कृतिका, मधु, नेहा, प्रीतू, तन्नु और वैशाली मौजूद रहे। संवाद

Amar Ujala 6/9/22

Amar Ujala 6/09/22



पीजी कॉलेज रामपुर में रक्तदान करतीं छात्रा। -संवाद

# रामपुर महाविद्यालय के 27 विद्यार्थियों ने किया रक्तदान

रामपुर बुशहर। राजकीय महाविद्यालय रामपुर में अंग्रेजी विभाग की सोच साहित्यिक सोसायटी ने कॉलेज में वीरवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया।

इसमें महाविद्यालय के छात्र और छात्राओं ने बड़ी संख्या में रक्तदान किया। शिविर के दौरान 27 छात्र और छात्राओं ने चिकित्सक परीक्षण के बाद रक्तदान किया। इस दौरान रक्तदाताओं को सम्मानपत्रों से नवाजा गया। शिविर में खनेरी अस्पताल से डॉ. गगन शर्मा, दिनेश कुमार, सुशीला, दलीप कुमार और देवेंद्र सिंह ने सहयोग किया। शिविर में अंग्रेजी विभाग के अध्यक्ष, सदस्यों और स्वयंसेवकों ने सभी चिकित्सा अधिकारियों का आभार जताया। संवाद

Amar Ujala 20/10/23

DATE : ..................

## ( NCC Day )

दिनांक = 26/11/2022

NCC Day हर वर्ष नवम्बर माह के चौथे रविवार को मनाया जाता है। इस अवसर पर कैडेट्स बहुत से कार्यक्रम किए जाते हैं। इस वर्ष NCC Day के अवसर पर बहुत से कैडेट्स ने भाग लिया तथा अपनी कला से अन्य कैडेट्स को परिचित करवाया। इस मुख्य अवसर पर CTO Sher Singh Negi मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे तथा कैडेट्स को NCC के बारे में बताया तथा उनका प्रोत्साहन बढ़ाया।

CTO NCC

## ( Mega Blood Donation Camp )

दिनांक ÷ 27 Nov. 2022.

Mega Blood Donation Camp का आयोजन नवम्बर माह में स्कूल में करवाया गया। जिसमें NCC के 30 कैडेट्स ने भाग लिया तथा NCC के आर्मी ऑफिसर भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। Lt. Col. Naresh Kumar तथा NCC के प्रभारी CTO Sher Singh Negi और अन्य आर्मी ऑफिसर इस अवसर पर उपस्थित रहे। 10 से ज्यादा कैडेट्स ने इस Camp में रक्त दान करके रक्तदान प्रमाण-पत्र प्राप्त किया तथा कैडेट्स ने नशा मुक्ति के बारे में लोगों को जागरूक किया।

Principal
G.B. Pant Memorial
Govt. Post Graduate College
Rampur Bsr. (H.P.)-172001

CTO NCC

7. 3 Days/1 day Yoga & Meditation Session by NSS Unit 2019,2022

# पीजी कॉलेज के छात्र-छात्राओं को सिखाईं योग की बारीकियां

Amar Ujala 13/5/22

संवाद न्यूज एजेंसी

रामपुर बुशहर। भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के सहयोग से प्रेम सुख इंटरनेशनल चैरिटेबल ट्रस्ट करिअर प्वाइंट विश्वविद्यालय के सौजन्य से पीजी कॉलेज रामपुर में योग और पारंपरिक चिकित्सा प्रशिक्षण पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में पहुंचे विश्व योगा फेडरेशन के निदेशक डॉ. राम अवतार ने कॉलेज में शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्र-छात्राओं को योगा की बारीकियों से अवगत करवाया। इस दौरान उन्होंने पारंपरिक चिकित्सा कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कॉलेज पहुंचने पर कॉलेज प्रधानाचार्य प्रो. पीसीआर नेगी ने उनका स्वागत किया। पीजी कॉलेज रामपुर मैदान में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ. राम अवतार ने योगा प्राणायाम, नाड़ी विज्ञान, हर्बल उपचार, रेकी और सिद्दा विज्ञान के बारे में विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया।

उन्होंने कहा कि भारत में योग और ध्यान की क्रियाओं का महत्व पहले से ज्यादा हुआ है। आज योग और ध्यान क्रियाएं मानव जीवन का कई प्रकार के रोगों से बचाव करती हैं और उनका पूर्ण उपचार करती है। नई शिक्षा नीति में छात्रों को योग, आयुर्वेद और होम्योपैथी की पढ़ाई करवाने का प्रावधान किया जा रहा है।



रामपुर कॉलेज में योग अभ्यास करते शिक्षक और विद्यार्थी। -संवाद

## डॉ. राम अवतार ने योग और पारंपरिक चिकित्सा पद्धति अपनाने का किया आह्वान

उन्होंने बताया कि मनुष्य शरीर को स्वस्थ रखने के लिए व्यायाम की आवश्यकता होती है और व्यायाम यदि किसी व्यक्ति द्वारा गलत तरीके किया जाता है तो यह उससे फायदा होने के बजाय नुकसान होता है।

जीवन का ज्ञान ही आयुर्वेद है, जिसमें मानव की लगभग सभी शारीरिक और मानसिक बीमारियों से रक्षा की जाती है। उन्होंने छात्र-छात्रों ओर योग की विभिन्न क्रियाएं करवाईं और अपने आपको स्वस्थ रखने के लिए योग करने की अपील की। इस मौके पर कॉलेज के शिक्षक, विद्यार्थी और अन्य स्टाफ बड़ी संख्या में मौजूद रहा।

Amar Ujala 13/5/22


# रामपुर कालेज में छात्र सीख रहे योग




रामपुर बुशहर। गोविंद बल्लभपंत रामपुर महाविद्यालय के हॉस्टल के छात्र व छात्राओं के लिए विश्व कीर्तिमान हिमालया हरिद्वार अस्पताल योग समिति ने तीन दिवसीय योग विज्ञान योग खेल चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। इस शिविर का शुभारंभ मुख्य वार्डन एच सी नेगी ने किया। उनके साथ डा0 आरएल नेगी, डा0 योजना नेगी, प्रवक्ता गोबिंद बल्लभपंत मेमोरियल महाविद्यालय की तरफ से उपस्थित रहे। इस शिविर में रामपुर हॉस्टल के लगभग 200 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस शिविर में विश्व विख्यात योग गुरू रंजीत सिंह के माध्यम से योग का मूल ज्ञान बच्चों को दिया जा रहा है। योग विज्ञान के साथ योग का खेलों में महत्व योग का शिक्षा में महत्व सूर्य नमस्कार प्राणायाम आदि क्रियाओं के बारे में बता रहे है। जिससे कैसे तनाव मुक्त जीवन, नशा मुक्त जीवन, रोजगार युक्त जीवन बना करके भारत को विश्व गुरु बनाया जाए। वहीं दुसरी और शारीरिक मानसिक व आत्मिक रूप से संपूर्ण विकसित होने के लिए योग को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे है। इसके साथ ही रामपुर महाविद्यालय में विश्व कीर्तिमान कौशल्या विद्यार्थी परिषद का निर्माण भी किया जाएगा। आने वाले संस्था के कार्यक्रम कौन बनेगा अटल स्वास्थ्य रक्षक की जानकारी देकर ऑडिशन भी लिए जायेंगे। ट्रिपल एच से विश्व कीर्तिमान सुशीला, अनुज, प्रियंका व सोनिका भी उपस्थित रहे।

Amar Ujalla 31/7/19

8.10 Days Yoga & Meditation Session Workshop






# रामपुर कॉलेज में करवाया योग



पीजी कॉलेज रामपुर में आयोजित योग शिविर में भाग लेते छात्र-छात्राएं। संवाद


संवाद न्यूज एजेंसी

रामपुर बुशहर। राजकीय महाविद्यालय रामपुर में योग ध्यान शिविर का आयोजन 30 मई तक किया जा रहा है।

शिविर प्रातः 5:30 बजे से 7:30 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. पुष्पा ने कहा कि ध्यान, योग और प्राणायाम आदि का हमारे जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। यह तनाव कम करता है।

आत्म जागरूकता को बढ़ाता है। स्वस्थ तन में स्वस्थ मन का निवास होता है। योग और ध्यान से दोनों ही साधे जा सकते हैं। कॉलेज में 10 दिवसीय योग ध्यान शिविर में पतंजलि के योग शिक्षक अक्षय नेगी विद्यार्थियों को योग, आसन, प्राणायाम और सूर्य नमस्कार आदि क्रियाओं को करवा रहे हैं।

कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. राजेश कुमार नेगी ने कहा कि यह प्रयास रहता है कि महाविद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने वाले सभी विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो। वे सभी शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ हों। इसीलिए समय-समय पर ऐसी गतिविधियां महाविद्यालय में करवाई जाती हैं।


GPS Map Camera
Rampur Bushahr, Himachal Pradesh, India
NH 5, Rampur Bushahr, Himachal Pradesh 172001, India
Lat 31.455283°
Long 77.641313°
23/05/23 06:23 AM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Rampur Bushahr, Himachal Pradesh, India
NH 5, Rampur Bushahr, Himachal Pradesh 172001, India
Lat 31.455202°
Long 77.641171°
22/05/23 05:58 AM GMT +05:30
Google

9.Cleanliness Drive By NCC Cadet,R&R,NSS, Local Association

# एनसीसी कैडेट्स ने की कॉलेज में सफाई



कॉलेज परिसर में साफ-सफाई करते एनसीसी कैडेट्स ● जागरण

